आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 07.09.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :—

- इसरो ने कहा— अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों का उद्देश्य एक व्यापक, मजबूत और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी भारतीय अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र बनाना। इसे निजीकरण के बजाय पारिस्थितिकी तंत्र के विस्तार और क्षमता वृद्धि के रूप में देखा जाना चाहिए।
- प्रदेश में शुरू हुई मुख्यमंत्री युवा भविष्य निर्माण योजना। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए युवाओं को मिलेगी निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग।
- उत्तराखंड में जनगणना की तैयारियां तेज। पहली बार नागरिकों को मिलेगी स्व—गणना की सुविधा।
- **और**, पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचकर बारिश की स्थिति और आपदा प्रबंधन व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

<u>इसरो</u>

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन — इसरो ने मीडिया की उन अटकलों और गलत सूचनाओं पर स्पष्टीकरण जारी किया है, जिनमें इसरो के निजीकरण या उसकी भूमिका कम करने के प्रयासों की बात कही गई है।

सोशल मीडिया पोस्ट में इसरो ने कहा कि न तो उसका निजीकरण और न ही उसका महत्व कम किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री युवा भविष्य निर्माण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज 'मुख्यमंत्री युवा भविष्य निर्माण योजना' का शुभारंभ किया। इस योजना के माध्यम से राज्य के युवाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग और गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। योजना का उद्देश्य युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर मार्गदर्शन और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना है, ताकि आर्थिक संसाधनों की कमी किसी भी प्रतिभाशाली युवा के सपनों के आड़े न आए। योजना के तहत राज्य के विश्वविद्यालयों और शासकीय व सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए ऑनलाइन कोचिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसमें सिविल सर्विसेज, रक्षा सेवाएं, बैंकिंग, रेलवे और एसएससी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं शामिल होंगी। यह योजना विशेष रूप से प्रदेश के दूरस्थ और पर्वतीय क्षेत्रों के युवाओं के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी। अब युवाओं को गुणवत्तापूर्ण कोचिंग के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा और वे घर बैठे ही विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में अपनी तैयारी कर सकेंगे।

## विद्यालय/सत्यापन

पौड़ी जिले में शिक्षा का अधिकार अधिनियम– आरटीई के तहत प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की शैक्षणिक स्थिति और विद्यालयों की व्यवस्थाओं के

भौतिक सत्यापन की कार्रवाई जारी है। पहले चरण में 10 विद्यालयों को सत्यापन के लिए चिन्हित किया गया है। इसी क्रम में एक स्कूल के स्थलीय सत्यापन में कई अनियमितताएं सामने आई हैं। जिला शिक्षाधिकारी, प्राथमिक, अंशुल बिष्ट ने बताया कि संबंधित विद्यालय से स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है और नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई के दौरान विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उनका शैक्षणिक सत्र प्रभावित न हो।

## जनगणना

उत्तराखंड में सामान्य जनगणना की तैयारियां तेज हो गई हैं। प्रदेश में जनगणना का मुख्य कार्य एक दिसंबर से चार जनवरी तक चलेगा। इससे पहले 16 से 30 नवंबर तक नागरिकों को पहली बार स्व–गणना की सुविधा उपलब्ध होगी। जनगणना निदेशक ईवा आशीष श्रीवास्तव ने ये जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना के दूसरे चरण में प्रगणक घर–घर जाकर परिवार और आबादी से संबंधित निर्धारित जानकारियां दर्ज करेंगे। स्व–गणना के माध्यम से ऑनलाइन विवरण दर्ज करने वाले नागरिकों की जानकारी का भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत सत्यापन किया जाएगा।

## जिलाधिकारी जायजा

पिथौरागढ़ जिले में लगातार हो रही बारिश के मद्देनजर जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने आज जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचकर बारिश की स्थिति और आपदा प्रबंधन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने

विभिन्न क्षेत्रों में बारिश, सड़क मार्गों और नदी–नालों के जलस्तर की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने सभी तहसीलों के आपदा कंट्रोल रूम से दूरभाष पर संपर्क कर वस्तुस्थिति की जानकारी भी ली। उन्होंने अधिकारियों को लगातार बारिश को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत व बचाव कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि बारिश के दौरान नदी–नालों और अन्य जोखिम वाले स्थानों से दूर रहें तथा अनावश्यक यात्रा से बचें। किसी भी आपात स्थिति में जिला या तहसील स्तर के आपदा कंट्रोल रूम से संपर्क करें।

## सेवा संकल्प अभियान

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून में मसूरी विधानसभा के श्रीदेव सुमन नगर मंडल के पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक प्रस्तावित 'सेवा संकल्प अभियान' की तैयारियों पर चर्चा की। श्री जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा एक माह का देशव्यापी सेवा संकल्प अभियान चलाएगी। अभियान की शुरुआत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के जन्मदिन से होगी। इस दौरान जनभागीदारी, जनसेवा और समर्पण के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान को बूथ स्तर तक पहुंचाने और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने का आह्वान किया।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर–

- इसरो ने कहा– अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों का उद्देश्य एक व्यापक, मजबूत और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी भारतीय अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र बनाना। इसे निजीकरण के बजाय पारिस्थितिकी तंत्र के विस्तार और क्षमता वृद्धि के रूप में देखा जाना चाहिए।
- प्रदेश में शुरू हुई मुख्यमंत्री युवा भविष्य निर्माण योजना। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए युवाओं को मिलेगी निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग।
- उत्तराखंड में जनगणना की तैयारियां तेज। पहली बार नागरिकों को मिलेगी स्व–गणना की सुविधा।
- **और**, पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचकर बारिश की स्थिति और आपदा प्रबंधन व्यवस्थाओं का जायजा लिया।